# शहडोल से सीधी होते हुए मैहर पहुंचा हाथियों का जोड़ा

## रामनगर तहसील के कुछ गांव में मचा हड़कंप, वन विभाग सतर्क, जीपीएस ट्रैकर से हो रही निगरानी





नवभारत न्यूज

**सतना 16 फरवरी. वन मंडल शहडोल से निकलकर वन मंडल सीधी होते हुए जंगली हाथियों का जोड़ा मैहर जिले के रामनगर वन क्षेत्र में पहुंच गया. हाथियों की दस्तक के चलते रामनगर वन क्षेत्र के आस पास के आधा दर्जन गावों में हड़कंप मचने लगा. मामले की गंभीरता को देखते हुए सक्रिय हुए वन अमले द्वारा जीपीएस ट्रैकर से निगरानी करते हुए हाथियों की सुरक्षित वापसी के प्रयास किए जा रहे हैं.**

मैहर जिले की रामनगर तहसील अंतर्गत भैंसर मनकेश्वर और सरिया सहित आस पास के अन्य गांव में अचानक जंगली हाथियों का जोड़ा देखा जाने लगा. जिन्हें देखते ही ग्रामीणों के बीच दहशत फैल गई. हाथियों का जोड़ा खेतों के बीच से होते हुए जहां तहां घूमने लगा. जिसके चलते खेत में मौजूद फसल को भी नुकसान पहुंचने लगा. इसी कड़ी में हाथियों को जोड़ा कंदवारी गांव में भी पहुंच गया. जहां खेतों को नुकसान पहुंचने के साथ ही चहरदिवारी भी तोड़ दी. घटना की सूचना मिलते ही रामनगर क्षेत्र का वन अमला सक्रिय हो गया. मौके पर पहुंचने के बाद ग्रामीणों को समझाइस देते हुए वन अमले द्वारा सबसे पहले प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद करा दी गई. चूंकि इससे पहले भी जंगली हाथियों के मूवमेंट के दौरान एक हाथी की सूंड़ हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई थी. लिहाजा वन विभाग द्वारा सबसे पहले यह सावधानी बरती गई. वन अमले ने ग्रामीणों से लाउडस्पीकर के जरिए यह अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और पास जाकर वीडियो बनाने का प्रयास न करें. विशेष तौर पर बुजुर्ग और बच्चों को सावधानी बरतने की समझाइस दी गई. इसके साथ ही यह ताकीद भी की गई कि हाथियों को उकसाने व घेरने की कोशिश कतई न की जाए. क्योंकि इससे वे आक्रमक होक सकते हैं. वन अमले के अनुसार नर और मादा हाथियों का जोड़ा है. जिसमें से एक पर जीपीएस ट्रैकर लगा हुआ है. जिसके जरिए उनके मूवमेंट की निगरानी की जा रही है.

### सुरक्षित वापसी के प्रयास जारी

वन अमले के अनुसार विशेष दल के द्वारा हाथियों को बिना किसी नुकसान के प्राकृतिक आवास की ओर भेजने के प्रयास किए जा रहे हैं . फिलहाल जीपीएस ट्रैकर से निगरानी की जा रही है . लेकिन आवश्यकता पड़ने पर ड्रोन सर्विलांस और अतिरिक्त बल की सहायता भी ली जा सकती है . राहत की बात यह है कि हाथियों के मूवमेंट के चलते किसी तरह की जनहानि की सूचना अब तक सामने नहीं आई है . वहीं जिन किसानों के खेतों में नुकसान पहुंचा है, सर्वे कराने के बाद नियमानुसार क्षतिपूर्ति प्रदान की जाएगी .

# किशोरी चला रही थी बाइक कार की टक्कर से मौत

## पीटीएस रोड में हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 फरवरी, शहर में 15 साल की किशोरी का बाईक चलाना उसकी मौत का कारण बन गया है. घटना शहर के बिछिया थाना क्षेत्र की है, जहा एक किशोरी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. मृतक किशोरी अपने घर से पल्सर बाइक लेकर निकाली थी, जिसे पीटीएस रोड स्थित जेल के पीछे एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी.**

अचानक हुए हादसे के बाद सड़क पर लहू लुहान हालत में पड़ी किशोरी को एक अधिवक्ता के द्वारा अस्पताल लाया गया, जहां उसका भाई खुद काउंटर में बैठकर पर्ची काट रहा था, लेकिन वह उसकी पहचान ना कर सका और उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई. फिलहाल मृतिका की पहचान मऊगंज निवासी अंजलि सोंधिया के रूप में की गई है जो अपने परिवार के साथ हाल मुकाम बाणसागर कॉलोनी में निवास करती थी. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि 15 वर्षीय अंजलि घर से पल्सर बाइक लेकर निकाली थी. परिजनो की माने तो किशोरी की मां सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में काम करती है, जबकि पिता संजय गांधी अस्पताल में वार्ड ब्वॉय है और रिश्ते का भाई काउंटर में पर्ची काटता है. घटना के बाद घायल अंजलि को जब अस्पताल लाया गया तो उसके भाई ने ही अज्ञात के रूप में पर्ची काटी और तकरीबन 3 घंटे बाद जब घायल लड़की की पहचान हुई तो परिजनों के होश उड़ गए. उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई.

# भतीजे ने चाचा को गड़ासे से काटा

## 24 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**सीधी, 16 फरवरी. लोहे के गड़ासे से की गई नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को दबोचा और हथियार बरामद किया।**

पुलिस ने कुसमी में दिनदहाड़े सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रभारी एसडीओपी कुसमी रवि प्रकाश कोल के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी कुसमी निरीक्षक अरूणा द्विवेदी के नेतृत्व में थाना कुसमी पुलिस ने दिनदहाड़े हुई नृशंस हत्या की घटना का त्वरित खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार फरियादी धीरेश कुमार द्विवेदी पिता बिहारी लाल द्विवेदी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम भगवार, थाना कुसमी द्वारा सूचना दी गई कि दिनांक 15 फरवरी 2026 को प्रातः लगभग 08. 15 बजे वह अपने घर पर था तभी शोर.गुल होने पर वह घटनास्थल की ओर गया। वहां देखा कि दलप्रताप नापित के घर के सामने कामता केंवट लोहे का गड़ासा लिये उसके चाचा पर प्राणघातक हमला कर रहा था तथा बीच.बचाव करने वालों को गाली.गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा था। आरोपी घटना के बाद गड़ासा लेकर मौके से भाग गया। फरियादी द्वारा पास जाकर देखने पर चाचा मृत अवस्था में पड़े थे उनके सिर एवं मुंह पर गंभीर चोटें थीं तथा घटनास्थल पर काफी खून पड़ा था।उक्त रिपोर्ट पर थाना कुसमी में धारा 103;1 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीधी के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही की गई। अनुसंधान के दौरान आरोपी कामता प्रसाद केंवट उर्फ लाला पिता स्वण् अवधलाल केंवट उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम भगवार थाना कुसमी को अभिरक्षा में लेकर पूंछताछ की गई जिसमें आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त गड़ासा जप्त किया गया है।

### अदालत ने भेजा जेल

आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया . जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।घटना के संबंध में पुलिस द्वारा सभी पहलुओं पर साक्ष्य संकलित कर जांच की जा रही है।

# नगर निगम उपायुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

- समय पर भू-भाटक दुकान किराया जमा नही करने वालो पर होगी दुकान निरस्त करने कार्रवाही : बैस



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 फरवरी। नगर पालिक निगम सिंगरौली के उपायुक्त आरपी बैस द्वारा वार्ड प्रभारियों की बैठक आयोजित कर राजस्व वसूली के शत -प्रतिशत वसूली समीक्षा की गई।**

उपायुक्त श्री बैस ने संपत्तिकर जलकर दुकान किराया एवं भू भाटक शत प्रतिशत जमा कराने हेतु वार्ड प्रभारियो को निर्देशित किया गया । उन्होने निर्देश दिए संबंधित वार्ड प्रभारी अपने वार्डो में शत प्रतिशत नोटिस की तामीली कराएं। ऐसे बकायादार जिनके द्वारा जल कर का भुगतान नही किया जा रहा है उनके नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाही करें।

उपायुक्त श्री बैस ने वार्ड प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मार्च माह में आयोजित होने वाली लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराकर बकायेदारो को लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही निर्देश वार्ड प्रभारी सम्पत्ति कर, भू-भाटक, जल कर दुकान किराया का अधिक से अधिक नोटिस तामिल कर प्रकरणो का लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराये।

### अवैध नल कनेक्शन काटे जाएंगे

साथ ही ऐसे नल कनेक्शन धारी जो अवैध रूप से अथवा बिना बिल जमा किए पानी का उपयोग कर रहे हैं।ऐसे कनेक्शनों को काटने की कार्यवाही की जाएगी।उन्होने कहा कि ऐसे दुकानदार जिनके द्वारा दुकान किराया भू-भाटक की राशि जमा नहीं की जा रही है।

# खनिज और मुरुम के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**सतना 16 फरवरी. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिला खनि अधिकारी को जिले में अवैध रूप से खनिज के उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिये हैं।**

जिला टास्क फोर्स की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में जिले में रेल, सडक, नहर, पेयजल परियोजनाओं के कार्य विस्तृत रूप से चल रहे है। संबंधित कार्यकारी एजेंसियों द्वारा बिना अनुमति कई स्थानों पर मिट्टी और मुरूम खोदने की शिकायतें मिल रही है।

निर्माण विभाग अपनी एजेंसियों को ताकीद करें कि मुरूम और मिट्टी निकालने खनिज विभाग या सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करें। उन्होंने खनि अधिकारियों से कहा कि पर्याप्त सुरक्षा बल के साथ रात्रि में भी भ्रमण कर अवैध रूप से हो रहे खनन को पकड़े।

निर्माण एजेंसियां माइनिंग की प्रक्रिया विधिवत रूप से पूरी करते हुए अनुमति प्राप्त कर ही मिट्टी या मुरूम का उत्खनन करेंगी। संबंधित विभाग यह सुनिश्चित कराये।



# रिहंद में दो दिवसीय ग्रामीण खेल सम्मेलन का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**रिहंद 16 फरवरी।एनटीपीसी रिहंद में सीएसआर के अंतर्गत 16 से 17 फरवरी तक आयोजित 2 दिवसीय ग्रामीण खेल सम्मेलन का भव्य शुभारंभ 16 फरवरी को सोनशक्ति स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संजय असाटी मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख रिहंद द्वारा किया गया।**

इस ग्रामीण खेल सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण बच्चों के बीच खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना तथा उनमें आपसी सौहार्दए अनुशासन और टीम भावना का विकास करना है। ग्रामीण खेल सम्मेलन 2026 के अंतर्गत पारंपरिक एवं लोकप्रिय ग्रामीण खेलों की विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें बालक एवं बालिका वर्ग हेतु कबड्डी,खो-खो विभिन्न दौड़ स्पर्धाएं, लॉन्ग जंप तथा रिले रेस शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय असाटी ने एनटीपीसी रिहंद के सीएसआर के अंतर्गत ऐसे आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराया जा रहा है, जहाँ वे अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ग्रामीण खेल सम्मेलन ग्रामीण युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर सिद्ध होगा। जिससे वे अपने हुनर को निखारकर भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकेंगे।

# नगर निगम आयुक्त की अध्यक्षता में पार्षदों के साथ बैठक आयोजित

- नगर विकास के मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 फरवरी। नगर निगम कार्यालय में आयुक्त सविता प्रधान की अध्यक्षता में पार्षदों के साथ नगर विकास के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में नगर के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई। बैठक के दौरान शहर में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सुदृढ़ करने, खराब लाइटों की शीघ्र मरम्मत एवं अंधेरे क्षेत्रों में नई लाइटें लगाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही प्रमुख एवं आंतरिक सड़कों के निर्माण, मरम्मत और गड्ढा मुक्त अभियान को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर की नाले नालियों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा जलभराव की समस्या से प्रभावित वार्डों में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए। स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने,नियमित कचरा संग्रहण एवं डोर-टू-डोर कलेक्शन व्यवस्था की निगरानी बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में आयुक्त ने सभी पार्षदों से अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रस्तुत करने का आग्रह किया तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक के दौरान पार्षद सीमा जयसवाल, भारतेन्दु पाण्डेय, राम नरेश शाह, संतोष शाह, अम्ब्रेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि गौरी अर्जुन दास गुप्ता,अमित यादव सहित नगर निगम के कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय, उपायुक्त आरपी बैस सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बैकों में लंबित स्वरोजगार प्रकरणों का करें निराकरण : गौरव



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 फरवरी। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी स्वारोजगार योजनाओ के प्रकरणो का संबंधित विभागीय अधिकारी लक्ष्य के अनुसार निराकरण करं तथा समस्त उपखण्ड अधिकारी अपने उपखण्डो में लंबित राजस्व प्रकरणो का एक सप्ताह मे निराकरण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।**

उक्त निर्देश कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा समय सीमा बैठक के दौरान दिया गया। कलेक्टर ने स्व-रोजगार प्रकरणो की विभागवार समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि संबंधित विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभागो से संबंधित योजनाओ के निर्धारित लक्ष्य के अनुसार बैको में प्रकरण प्रस्तुत करें। साथ ही स्वीकृत प्रकरणो का समय सीमा में निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित कराएं। इस संबंध में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारी एवं बैकर्स को संयुक्त रूप से पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही निर्देश दिए कि जो प्रकरण बैंको में लंबित है उनका निराकरण तीन दिवस के अंदर निराकरण कर हितग्राहियों को लाभ वितरित करें। कलेक्टर ने फ्लाइएस डम्पिंग हेतु माइनिंग अधिकारी को अनुमति उपरांत डम्प साईट की जॉच किए जाने हेतु निर्देश दिए। साथ ही फ्लाइ ऐश परिवहन पर कड़ी निगरानी बनाये रखने निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिपं सीईओ जगदीश गोमे, एसडीएम अखिलेश सिंह, सौरभ मिश्रा, नंदन तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रशांत त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, तहसीलदार सविता यादव, जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर, खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# बोर्ड पैटर्न पर कक्षा-5वीं और 8वीं की परीक्षाएं 20 से होंगी

नवभारत न्यूज

**सतना 16 फरवरी. बोर्ड पैटर्न पर कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षायें 20 फरवरी से 26 फरवरी तक सतना जिले के 246 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।**

राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। सतना जिले में कुल 246 परीक्षा केन्द्र बनाये जाकर इनमें केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष की नियुक्ति की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सतना जिले में कुल 246 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है। जिनमें सभी केन्द्रों के लिए केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त कर आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है। सतना जिले में कुल 65 जन शिक्षा केन्द्रों के अंतर्गत 2331 शालाओं के छात्रों के लिए 246 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। बोर्ड पैटर्न की परीक्षा में कक्षा 5वीं 26574 परीक्षार्थी और कक्षा 8वीं की परीक्षा में 23555 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण या निम्न रिजल्ट लाने वाले विद्यार्थियों के लिए माह जुलाई 2026 में द्वितीय परीक्षा भी होगी। जिनमें रिजल्ट का सुधार किया जा सकेगा।

### परीक्षा टाइम टेबल

मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं का वार्षिक कार्यक्रम 2026 जारी कर दिया गया है। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। कक्षा 5वीं परीक्षा 20 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित की जायेगी। कक्षा 5वीं में 20 फरवरीको प्रथम भाषा हिंदी/अंग्रेजी/उर्दू/मराठी, 21 फरवरी को गणित/संगीत दृष्टिबाधितों के लिए, 23 फरवरी को द्वितीय भाषा अंग्रेजी/हिंदी, 25 फरवरी को पर्यावरण अध्ययन तथा 26 फरवरी को अतिरिक्त भाषा संस्कृत/हिंदी/उर्दू/पंजाबी की परीक्षा आयोजित होगी। इसी प्रकार कक्षा 8वीं की परीक्षा के लिए जारी समय-सारणी के अनुसार 20 फरवरी को प्रथम भाषा हिंदी/अंग्रेजी/उर्दू/मराठी, 21 फरवरी को गणित/संगीत दृष्टिबाधितों के लिए, 23 फरवरी को द्वितीय भाषा अंग्रेजी/हिंदी/उर्दू/मराठी, 25 फरवरी को विज्ञान, 26 फरवरी को तृतीय भाषा संस्कृत/पंजाबी/मराठी तथा 28 फरवरी को सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार सतना जिले के सभी 5 विकासखण्डों में बैठक व्यवस्था के अनुपात में परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। जिले के निर्धारित 246 परीक्षा केन्द्रों में कक्षा 5वीं के 26 हजार 574 तथा कक्षा 8वीं में 23 हजार 555 सहित कुल 50 हजार 129 छात्र-छात्रायें परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

# बड़े बकायादारों से कलेक्टर कठोरता से वसूली कराएं : जामोद

## पट्टा निरस्त करने का नोटिस देने के निर्देश



नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 फरवरी, कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने राजस्व कार्यों की जिलेवार समीक्षा की. कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में नामांतरण के प्रकरणों का निराकरण तेजी से किया जा रहा है.**

नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के सभी प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत करें. किसी भी स्थिति में प्रकरण 6 महीने से अधिक समय तक लंबित न रहे. जो प्रकरण समय सीमा से बाहर हो गए हैं उन्हें शीघ्र सुनवाई करके निराकृत करें. कलेक्टर लोक सेवा गारंटी योजना तथा आरसीएमएस पोर्टल में समय सीमा से बाह्य प्रकरण होने पर संबंधित राजस्व अधिकारियों पर जुर्माने की कार्रवाई करें. बंटवारा का कोई भी प्रकरण तीन माह से अधिक समय से लंबित न रहे. सभी एसडीएम राजस्व प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा करें. बंटवारा तथा सीमांकन के बाद उनका अमल दरामद अनिवार्य रूप से कराएं. राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी. कलेक्टर अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करें.

किसी भी स्थिति में आरसीएमएस पोर्टल में प्रकरण दो वर्ष से अधिक समय से लंबित न रहे. कमिश्नर ने कहा कि जिलों में केवल सिंगरौली की राजस्व वसूली संतोषजनक है. कलेक्टर बड़े बकायादारों से कठोरता से वसूली कराएं. धारणाधिकार योजना से जारी पट्टों में राशि जमा न करने वालों को पट्टा निरस्त करने का नोटिस दें. कलेक्टर सीधी, मैहर और मऊगंज राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दें.

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में होगी तेजी : पाल

बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरणों का लगातार निराकरण किया जा रहा है . सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की संख्या अधिक है . इसमें सभी अधिकारी लगातार प्रकरणों के निराकरण के प्रयास कर रहे हैं . एसआईआर का कार्य अब समाप्त हो गया है . अब राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी . लंबित राजस्व की वसूली के लिए बकायादारों को नोटिस दिया जा रहा है . बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर एवं एसडीएम शामिल हुए .


एजेंसी देनी है

आपका सबसे पुराना,विश्वसनीय, निष्पक्ष नवभारत समाचार पत्र सतना को पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो. नं.- 9098286391, 7828109523


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99